2025 III 03 | 0930 | Seat No. | | | | | |

Time : 1½ Hours

HINDI COMPOSITE (S.L.)

Subject Code

S	1	1	6	5

Total No. of Questions : 32 **(Printed Pages : 5)** **Maximum Marks : 40**

सूचनाएँ : (*i*) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर नए पृष्ठ से शुरू कीजिए।

(*ii*) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(*iii*) दाईं ओर दर्शाए हुए अंक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक हैं।

(*iv*) प्रश्न क्रमांक स्पष्ट रूप से लिखिए।

* **निम्नलिखित गद्य-खंड को पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

'डॉ. माशेलकर अपनी कक्षा में हमेशा अव्वल आते थे। सन् 1966 में आपने मुंबई विश्वविद्यालय से 'रसायनशास्त्र' विषय लेकर अभियांत्रिकी की उपाधि हासिल की। पीएच. डी. करने के बाद आपने इंग्लैंड में अनुसंधान कार्य किया। अमेरिका और यूरोप के कई देशों में आपने अध्यापन कार्य किया और ऐसी स्थिति में किया जब विदेशों में अनेक आकर्षक अवसर आपके सामने हाथ जोड़ खड़े थे। फिर भी व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर उठकर देशप्रेम एवं कर्तव्यबोध के कारण आप भारत लौट आए। चमक-दमक के प्रति आकर्षित होकर विदेशों में भागने वाले आज के नौजवानों के सामने एक आदर्श मिसाल है।

1. उपर्युक्त गद्य-खंड किस पाठ से लिया गया है ? 1

2. विदेश में अनेक अवसर प्राप्त होने के बावजूद डॉ. रघुनाथ माशेलकर भारत क्यों लौट आए ? 1

* **निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर 10-12 शब्दों में लिखिए :** 2

3. आजकल गोवा आने वाले पर्यटकों के लिए सबसे बड़ा आकर्षण क्या है ?

4. ज्वार-भाटे के समय कौन-सा खतरा रहता है ?

* **निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 30/40 शब्दों में लिखिए :** 6

5. कौन-से हादसे में अरुणिमा सिन्हा को अपनी टाँग गँवानी पड़ी ?

6. हरिदास को मगनसिंह के बारे में कौन-सी जानकारी प्राप्त हुई ?

* **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 10-12 शब्दों में लिखिए :** 6

7. कबीर के अनुसार अच्छे फल की प्राप्ति के लिए मनुष्य को कैसा कर्म करना चाहिए ?

8. कवि रवींद्रनाथ ठाकुर धीरज और साहस न छोड़ने को क्यों कहता है ?

9. देश में दीवाली मनाई जा रही थी तब सीमा पर सैनिक क्या कर रहे थे ?

10. रनिया और उसके देशबंधु में किस बात की समानता है ?

11. 'संयम' इस शब्द के लिए सही पर्यायवाची शब्द चुनकर लिखिए : 1

    - आमंत्रण
    - नियंत्रण
    - आकर्षण
    - निमंत्रण

12. 'गरीब' इस शब्द के लिए सही विलोम शब्द चुनकर लिखिए : 1

    - भला
    - सज्जन
    - अमीर
    - दुर्जन

13. वैज्ञानिक जगत .... डॉक्टर माशेलकर का बहुमूल्य योगदान है। इस वाक्य के रिक्त स्थान में सही कारक चिह्न का प्रयोग करके वाक्य लिखिए। 1

- को
- पर
- से
- में

14. 'दयानंद' इस संधि का सही संधि-विच्छेद चुनकर लिखिए : 1

- दया + नंद
- दया + आनंद
- दया + अनंद
- दया + अनंत

* **निम्नलिखित अव्ययों में से किसी एक अव्यय का सार्थक वाक्य में प्रयोग कीजिए :** 1

15. धीरे-धीरे

16. कहाँ

* **निम्नलिखित में से किसी एक शब्द-युग्म का सार्थक वाक्य में प्रयोग कीजिए :** 1

17. लेन-देन

18. छोटी-छोटी

* **निम्नलिखित में से किसी एक मुहावरे का अर्थ लिखकर सार्थक वाक्य में प्रयोग कीजिए :** 2

19. बेलगाम होना

20. अलंकृत करना

* **निम्नलिखित समदर्शी शब्दों की जोड़ी में से किसी एक शब्द-जोड़ी का भिन्न-भिन्न अर्थ स्पष्ट करने के लिए अलग-अलग वाक्यों में प्रयोग कीजिए :** 2

21. शोक-शौक

22. सात-साथ

23. निम्नलिखित रूपरेखा के आधार पर कहानी लिखिए और उसे उचित शीर्षक देकर सीख भी लिखिए : 4

एक सुहावना वन .... भगवान का आगमन .... वहाँ का सौंदर्य देखना .... भगवान प्रसन्न .... लेकिन आश्चर्य .... एक सूखे पेड़ पर एक दु:खी तोता . ... प्रश्न, 'हरे-भरे वृक्ष को छोड़कर इस पर क्यों ?' उत्तर, 'यह पहले हरा-भरा और फल-फूलों से संपन्न था .... अब बुरे दिनों में उसका साथ कैसे छोड़ूँ ?' .... भगवान का उत्तर .... सीख।

अथवा

वैभव/वैभवी देसाई, 369-लक्ष्मीसदन, केपे-गोवा से, अपने छोटे भाई सचिन को 'समय का महत्व' समझाते हुए पत्र लिखता/लिखती है।

* **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 100-125 शब्दों का अनुच्छेद लिखिए :** 4

24. पुस्तकालय में एक घंटा

25. मैं एक फटी किताब बोल रही हूँ

26. बारिश का पहला दिन

* **निम्नलिखित गद्य-खंड को पढ़कर उसके नीचे दिए हुए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

सच्ची बात तो यह है कि सारी खराबी हमारे घर में है। घर से ही वह शुरू होती है और चारों तरफ फैलकर समाज को बिगाड़ती है। बालक, बालिकाओं! आज के संसार में आपकी बड़ी जिम्मेदारी है। भारत वैसा ही होगा, जैसे आप लोग अपने जीवन से उसे बनायेंगे। बकवास करना छोड़ दीजिए। अपने-अपने से यथासम्भव आराम मिले, अथवा कम-से-कम कष्ट पहुँचे। सभी की सहायता करने को तैयार रहिए। दूसरों को अच्छा समझिए, बुरा नहीं। माता-पिता के सच्चे सहायक होइए, उनके निंदक नहीं। यदि उनमें कोई कमी पाइए तो अपने काम से पूरा कर दीजिए। जिस कार्य को एक बार हाथ में लिया है, उसे आमरण ना छोड़ें। यदि आप अपना काम ठीक तरह करते हैं, तो आप सच्चे देशभक्त हैं। आपके प्रत्येक सफल कार्य से राष्ट्र की शक्ति बढ़ती ही जाएगी और राष्ट्र उन्नति के पथ पर अग्रसर होगा।

प्रश्न :

27. लेखक के विचार से सारी खराबी कहाँ है ? 1

28. हमें माता-पिता के प्रति कैसा व्यवहार करना चाहिए ? 1

29. हमारे समाज को कौन बिगाड़ता है ? 1

30. सच्चा देशभक्त कौन है ? 1

31. राष्ट्र उन्नति के पथ पर कैसे अग्रसर होगा ? 1

32. उपर्युक्त गद्य-खंड के लिए उचित शीर्षक दीजिए। 1